**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 11.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. अध्यक्ष अनिल कुमार झा के नेतृत्व में पाचवां वित्त आयोग वर्तमान में द्वीप समूह दौरे पर है।

2. डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा कृति बाज़ार का आयोजन किया जाएगा।

3. द्वीपसमूह के सभी स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों की घोषणा कर दी गई है।

4. यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है।

<><><><><><><><>

अध्यक्ष अनिल कुमार झा के नेतृत्व में पाचवां वित्त आयोग वर्तमान में द्वीप समूह दौरे पर है। इस दौरान कल आयोग ने स्वराज द्वीप में पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें द्वीपसमूह के विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद वित्त आयोग ने स्वराजद्वीप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, स्वराजद्वीप के स्वास्थ्य केन्द्र, गोविन्द नगर के काला पत्थर स्थित प्राथमिक विद्यालय, श्याम नगर के प्रधानमंत्री आवास योजना का दौरा किया। आज आयोग शहीद द्वीप में पीआरआई सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। तेरह फरवरी को आयोग श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में नगरपालिका अध्यक्ष, सचिव और पार्षदों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आयोग दोपहर में सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में मुख्य सचिव और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

<><><><><><><><>

डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा कृति बाज़ार आयोजित किया जाएगा। मिड़िल प्वांइट स्थित टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित यह प्रदर्शनी आज और कल दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक आयोजित की जाएगी। दो दिनो ंतक चलने वाली इस कार्यक्रम में कौशल विकास के प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिभा, हाथ से बनी वस्त्र, हस्तशिल्प और कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की विद्युत सचिव स्मिता आर. आज दोपहर तीन बजे इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी। स्थानीय शिल्पकारों की सुन्दर और पारंपरिक हस्त निर्मित उत्पादों को देखने और खरीदने के लिए यह बाजार आम जनता के लिए खुला रहेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य "वोकल फॉर लोकल" को बढ़ावा देना और युवाओं के कौशल विकास को प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><><>

द्वीपों के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त निजी गैर–सहायता प्राप्त स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों की घोषणा कर दी गई है। उपराज्यपाल द्वारा जारी आदेशानुसार सभी स्कूलों में एक मई से उनतीस जून तक अवकाश रहेगा। घरेलू परीक्षा परिणाम इक्कतीस मार्च तक जारी करने को कहा गया है। नया शैक्षाणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा।

<><><><><><><><>

यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान में तेज रफ्तार, स्टैंड़बाजी और नशें में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में वाहनों को ज़ब्त किया है। यातायात पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन, ज़िम्मेदारी से गाड़ी चलाने और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है। जनता से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे बिना हेलमेट गाड़ी चलाने, मोबाइल पर बात करने जैसे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की जानकारी पुलिस को दें। लोग अपने मोबाइल से तस्वीरे या वीड़ियों लेकर वाह्सअप नम्बर–9531892228 या कन्ट्रोल रूम नम्बर–03192–243812 पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><><>

छब्बीसवें उपराष्ट्रपति कप सॉकर चैम्पियनशिप में कल कार–निकोबार के तमालू स्थित बी जे आर स्टेडियम में तीन मैच खेले गए। शुरूआती मैच में चौरा और ननकौड़ी के बीच मुकाबला एक–एक के बराबरी में छूटा, जबकि दूसरा मैच लिटिल अण्डमान और रंगत के बीच गोल रहित रहा। तीसरे मैच में श्री विजयपुरम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मायाबंदर पर छह एक से शानदार जीत हासिल की। यह मुकाबला आज भी जारी रहेगा। आज

खेले जाने वाले मैच में दोपहर डेढ़ बजे चौरा का मुकाबला कैम्पबेल–बे से और दोपहर बाद साढ़े तीन बजे कार–निकोबार और डिगलीपुर के बीच मुकाबला होगा।

<><><><><>

गाराचरामा और डॉलीगंज फीडरों में रख–रखाव का कार्य किए जाने के चलते कल से पन्द्रह फरवरी तक दक्षिण अण्डमान के कुछ इलाकों में सुबह सात से बारह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान कल एजेन्सी हाउस, गाराचरामा का कुछ भाग, डॉलीगंज, आटम पहाड़, आई सी एम आर कॉलोनी और मिनी–बे के हिस्सों में बिजली कटौती की जाएगी।

<><><><><>

द्वीपसमूह के सभी निजी स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों सहित सभी स्कूलों में कल राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मोहनपुरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, के सम्मेलन कक्ष में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य एक से उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कवर करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव व मिशन निदेशक डॉ. अनिल अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में व्यक्तिगत स्वच्छता की निगरानी करने खाने से पहले और शौच के बाद साबुन और पानी से हाथ धोने, कृमि संक्रमण को रोकने के लिए फलों और सब्जियों को धोने पर ज़ोर दिया। साथ ही छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस कार्यक्रम के महत्व को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रजनन बाल स्वास्थ्य के प्रभारी संयुक्त सचिव डॉ. अविजित रॉय और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के प्रभारी निदेशक डॉ.एच.एम. सिद्धाराजू ने इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ज़िला स्वास्थ्य सेवा के कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य शिक्षक, ए एन एम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित स्कूली बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के स्वास्थ्य शिक्षक पी. यूसूफ के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><>

कृषि विभाग ने द्वीपसमूह के कृषक समुदाय को प्रत्यक्ष और बेहतर विपणन सहायता प्रदान करने के उद्‌देश्य से मिडिल प्वाइंट स्थित कृषि बिक्री केन्द्र वाटिका में किसान कॉर्नर की स्थापना की है। इच्छुक किसान काउन्टर के माध्यम से अपने कृषि उत्पाद जैसे मसाले और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद बेच सकते हैं। इसका उद्देश्य किसानों को एक ही स्थान पर बिक्री के लिए जगह उपलब्ध कराना है। किसान विभागीय आउटलेट 'वाटिका' के माध्यम से अपनी उपज बेचने के लिए खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए उनसे कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। बिक्री की राशि सीधे किसानों के खाते में जमा की जाएगी। पंजीकरण के लिए इच्छुक किसान सभी कार्य दिवसों में संबंधित उप डिपो प्रभारी/क्षेत्रीय अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से विभाग के हस्तशिल्प उत्पादों को दर्शाने के लिए लोगो, नारा और प्रचार वीडियो क्लिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को विभाग के तत्वावधान में हस्तशिल्प उत्पादों को दर्शाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रचार सामग्री बनाने के लिए अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में छात्र एवं पेशेवर वर्ग के सभी प्रतिभाशाली डिजाइनरों, कलाकारों और सोशल मीडिया कन्टेंट क्रिएटर्स, जिनमें स्टार्टअप, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञापन और मीडिया जैसे क्षेत्र के उद्यमी शामिल हैं। प्रतियोगिता श्रेणियों, प्रतिभागियों, नियमों और विनियमों आदि का विवरण उद्योग विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के कार्यक्रम के ज़रिए स्कूली छात्रों को संबोधित करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। साथ ही अखबार ने द्वीपसमूह के सभी स्कूलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के समाचार को भी प्रमुखता दी हैं। कैरी की ओर से मसालों की नर्सरी तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार ने **इंफो इंडिया** में जगह मिली है। डिगलीपुर में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** ने अन्दर के पन्ने में प्रकाशित किया है। अवैध घुसपैठ में लिप्त पांच म्यांमारी नागरिक सहित दो इंजन डिंगी पकडे जाने के समाचार को **अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** और **अण्डमान क्रोनिकल** में जगह मिली है।

<><><><><>